संक्षिप्त

गीता क्लासेज का शुभारंभ

चूरू । स्थानीय भास्कर भवन में प्रत्येक रविवार को चल रही गीता क्लासेज का शुभारंभ सविता ने हरे कृष्णा, राधे-राधे संकीर्तन से किया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बच्चों को पांच श्लोक, नित्य 9 नियम और प्रार्थना करवाई। आचार्य जनार्दन ने बच्चों को 12वें अध्याय का पाठ करवाया और इसके साथ ही देव बद्रीनाथ जय सुभद्रा का कीर्तन भी करवाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये आचार्य जनार्दन ने कहा कि दुनिया की हर समस्या का समाधान गीता से किया जा सकता हैं। अत: हमें नियमित गीता का अध्ययन करना चाहिये। इस अवसर पर छात्रा शालिनी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मोहित सिंघानिया, विद्याधर शर्मा, प्रमोद गॉड, अंकिता शर्मा, प्रियंका शर्मा, दिव्या शर्मा व अन्य ने सहयोगी भूमिका निभाई।

बस्ती में मिठाई वितरण की

झुंझुनूं,(निसं)। जिले में संचालित लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से कच्ची बस्ती में 20 परिवारों को मिठाई बांटी गई। ट्रस्ट प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर अपना योगदान देने वाले आनंद यादव के पुत्र हुआ था। उस समय बालक और उसकी माता की तबियत खराब होने की वजह से खुशी नहीं मना पाए। अब जब दोनों स्वस्थ है तो उन्होंने ट्रस्ट के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय विद्यालय के सामने कच्ची बस्ती में 20 परिवारों को मिठाई बांटी। इस शुभ कार्य में योगा टीचर डॉ. प्रिया का सहयोग रहा व ट्रस्ट के कार्यकर्ता नरोत्तम व प्रदीप कुमार का भी सहयोग रहा।

भर्ती कैम्प में 31 युवाओं का चयन

सीकर । जिला रोजगार कार्यालय सीकर एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत भर्ती शिविर चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सिक्योरिटी स्किल काउंसिल इन्डिया लिमिटेड के द्वारा सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं आधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया कार्यक्रम जिला रोजगार कार्यालय रीको औद्योगिक क्षेत्र सीकर में रविवार को सीकर तहसील के 80 अभ्यर्थियों ने भाग लिया नीमच से आये वरिष्ठ भर्ती आधिकारी महीपाल सिहं ने मापदंड के आधार पर 31 युवाओं का चयन किया गया।उन्होंने बताया कि वंचित रहे सभी तहसीलों के अभ्यर्थियों की भर्ती 30 दिसंबर 2024 को जिला रोजगार कार्यालय, रीको औद्योगिक क्षेत्र सीकर में प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी।

शिक्षा मंत्री ने किए बाबा श्याम के दर्शन

सीकर । सीकर जिले के खाटूश्यामजी में रविवार को प्रदेश के शिक्षा व पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर पहुंचे। शिक्षामंत्री ने बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा की तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर शिक्षामंत्री का स्वागत किया। इस दौरान साथ में धर्मपत्नी सूरज दिलावर, पौत्र वेदांत, दोनों पुत्र दीपक दिलावर, पवन दिलावर एवं समस्त परिजन मौजूद रहे।

पौष बड़ा महोत्सव में भजनों की धूम

सीकर । निकटवर्ती हर्ष पर्वत की घाटी में स्थित लालोलाव बालाजी धाम में रविवार को पौष बड़ा महोत्सव में भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर दिनभर भजनों की गंगा बहती रही। श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संस्थापक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने श्यामप्रभु के भजन सांवरे की महफिल को संवारा से जाता है, उलझनो की यह उलझे लड़ी श्याम भज ले घड़ी दो घड़ी, एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। अनिता कांकडोलिया, भावना जांगिड़ व भजन गायक अनिल जोशी ने भजनों में सहयोग किया। सभी ने बालाजी व भगवान राम के दरबार में दर्शन पूजन किया। हजारों भक्तों ने पौष बड़ा प्रसाद ग्रहण किया।

बगीची में भजन संध्या हुई

मुकुंदगढ़, (निसं)। कस्बे में स्थित कुंभनाथ ब्रह्म बगीची परिसर में शनिवार को अघोरी बाबा शैलेंद्रनाथ के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। पुरुषोत्तमलाल शर्मा, रजनीश पांडे, राजकुमार भार्गव, पवन नाई, सुरेंद्र , अमित , दिनेश सहित सैंकड़ों भक्तगण मौजूद थे।

गौड़ ब्राह्मण महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

चूरू । रविवार को स्थानीय दादा बाड़ी में गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ब्राह्मण समाज अन्य समाजों का मार्गदर्शक होता है, ये बात में गनेड़ी धाम के संत निवृतिनाथ महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण वह है जो अन्य समाज की सकारात्मक दिशा में बदलाव लाकर उसको उत्थान की मुख्य धारा से जोड़ता है।

इस अवसर पर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष विजय हरितवाल ने कहा कि ब्राह्मण समाज एकजुटता के साथ काम करेगा, तभी समाज का उत्थान होगा। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पंकज पंचलंगिया ने कहा कि हमारे समाज में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमें केवल समाज के बीच जाकर

दादा बाड़ी में गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया।

उनको तराशने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को साथ लेकर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर पूर्व डीआईजी पुलिस जगदीश चंद्र शर्मा ने कहा कि केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि राजनीतिक सहित अन्य क्षेत्रों में भी समाज की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने देश हित के लिए अधिकाधिक सोच समझ कर मतदान करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नटवर लाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज की आज उपेक्षा प्रत्येक समाज द्वारा की जा रही है, जबकि ब्राह्मण समाज सर्व समाज को साथ लेकर चलता है। उन्होंने

- **सम्मान समारोह में 175 प्रतिभाओं को किया सम्मानित**

कहा कि ब्राह्मण समाज को अपने संस्कारों से नहीं भटकना चाहिए। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने महासभा चूरू इकाई के कार्यो पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल, संरक्षक बाबूलाल शर्मा, वैध बनवारी लाल शर्मा, विष्व नाथ शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा पत्रकार, आशीष गौतम पत्रकार, एडवोकेट योगेश शर्मा, महेंद्र चौबे, हुकमीचंद गौड़, दिनेश शर्मा, योगेश गोग्यान, कालूराम महर्षि, महेश मिश्रा, सुरेंद्र आदि को सुरेश शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा, शॉल ओढ़ाकर व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर समानित किया।

डॉ. जुल्फिकार को मिला राष्ट्रीय कर्मयोगी सम्मान

झुंझुनूं,(निसं)। जिले के निकटवर्ती भीमसर गांव के निवासी युवा लेखक और शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को राष्ट्रीय कर्मयोगी सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर देश-विदेश में पिछले कई सालों से शोध कार्य करने वाले शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को यह सम्मान मां दक्षिणा काली सेवा परमार्थी ट्रस्ट जयपुर की ओर से आनन्दोहम सभागार भवन मे आयोजित भव्य विद्वत सम्मान समारोह-2024 के अन्तर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरुण अग्रवाल, संस्था के संस्थापक केसरसिंह राठौड़, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेशाध्यक्ष जगदीश सोमानी, बस्सी रानी सा महेंद्र कंवर सा, विशिष्ट अतिथि अमित परनामी, सम्मानित अतिथि सुशील, चंद्रशेखर, मालसिंह शेखावत, अनुराधा सहित कई अन्य अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

घुटने की आर्थोस्कोपिक केडेवेरिक वर्कशॉप सम्पन्न

सीकर, (निसं)। श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज में 29 दिसंबर 2024 रविवार को एनाटोमी डिपार्टमेंट में ऑर्थोपीडिक डिपार्टमेंट एवं शेखावाटी आर्थोपेडिक सोसायटी के संयुक्त प्रयासों से एक दिवसीय घुटने की आर्थोस्कोपिक केडेवेरिक वर्कशॉप का आयोजन हुआ। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर प्रथमेश जैन ,डॉक्टर राहुल खन्ना ,डॉक्टर विक्रम शर्मा एवं डॉक्टर रविंद्र लामोरिया ने डेलीगेट्स को घुटने की आर्थोस्कोपिक के बारे में विस्तार से समझाया एवं केडेवर के मृत शरीर पर आर्थोस्कोपिक के गुर सिखाए। , एवं मेनिस्कस इंजरी के रिपेयर एवं कंस्ट्रक्शन के बारे में विस्तार से हेड्स ओन वर्कशॉप से समझाया। कार्यशाला में शेखावाटी एवं आस-पास के क्षेत्र के लगभग 70 आर्थोपेडिक सर्जन सम्मिलित हुए। कार्यशाला से घुटने की गुणवत्ता युक्त आर्थोस्कोपिक सर्जरी शेखावाटी क्षेत्र में ही होने लगेंगी।

एक दिवसीय घुटने की आर्थोस्कोपिक केडेवेरिक वर्कशॉप का आयोजन हुआ।

आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष एवं शेखावाटी आर्थोपेडिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर यूसुफ़ अली देवड़ा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। सोसायटी के सचिव डॉक्टर महेन्द्र बुडानिया ने कार्यक्रम का संचालन किया , एवं ऑर्थोस्कोपी सेट्टप के बारे में चर्चा की । ओर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉक्टर शिवपाल कुडी ने भी बहुत अच्छा कार्यक्रम आयोजित करने में सहयोग किया। कार्यशाला के अंत में गुरु कृपा हॉस्पिटल में डॉक्टर प्रथमेश जैन ने एक मरीज़ के घुटने में की सफल रि लाइव सर्जरी करके डेलीगेट्स को लाभान्वित किया।कार्यशाला के आयोजन , प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर प्रोफ़ेसर डॉक्टर शिव रतन कोचर एवं वाइस प्रिंसिपल प्रोफ़ेसर डॉक्टर अशोक चौधरी एवं सुपरिंटेंडेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर महेन्द्र कुमार खिंचड़ के संरक्षण में हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में एनाटोमी डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सर्यु सैन एवं एसिसटेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर विश्व दीपक का विशेष योगदान रहा ।पी एस एम डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉक्टर आशीष बैनर्जी एवं एकेडेमिक प्रभारी एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉक्टर कविता चौधरी ने पूर्ण सहयोग किया। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर यूसुफ़ अली देवड़ा बताया कि शेखावाटी आर्थोपेडिक सोसाइटी के डॉक्टर एन एस गढ़वाल, डॉक्टर आर सी डाका , डॉक्टर चौधरी, डॉक्टर महेंद्र बुडानिया, डॉक्टर रमाकांत टीबड़ा, डॉक्टर अली हसन, डॉक्टर संदीप शर्मा, डॉक्टर अजय मिश्रा, डॉक्टर सतवीर चौधरी एवं ऑर्थोपीडिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर शिवपाल कुड़ी ,डॉक्टर के के अग्रवाल ,डॉक्टर सुनील ढाका एवं डॉक्टर विजेंद्र कुमावत ने अपना सक्रिय सहयोग तन मन धन से देकर, कार्यशाला का सफल आयोजन किया।

बालक-बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील की चंदगीराम कॉलेज बैरासर छोटा के खेल मैदान पर चल रही 46वीं राजस्थान स्टेट सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप वर्ष-2024 के रविवार को हुए समापन समारोह के मुख्य अतिथि चूरू के युवा सासंद राहुल कस्वां रहे तथा इसकी अध्यक्षता समाज सेवी मुकेश शर्मा, तथा कुलबीर फगडिया ने की।

चूरू के युवा सासंद राहुल कस्वां, समाज सेवी मुकेश शर्मा तथा कुलबीर फगडिया इनके साथ आजोजक सचिव एवं सीआरसी के निर्देशक नरेश सांगवान ने दोंनों टीमों से परिचय प्राप्त किया एवं पदक जीतने पर दोंनों टीमों को दी बधाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में मेजबान चूरू एवं झुंझुनू के बीच चला जिसमें झुंझुनू ने मेजबान एवं पूर्व विजेता चूरू को 3-1 हराया तथा स्कोर 26-24, 25-20, 19-25, 25-16, हार्ड लाइन

- **राजस्थान वॉलीबाल संघ द्वारा बालक वर्ग में झुंझुनू एवं बालिका वर्ग में आरएसएससी जयपुर व बीकानेर बने चैंपियन**

मैच तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए हनुमानगढ ने आरएसएससी झुंझुनू को सीधे सेटों में 2-0 (25-21, 25-11) से हरा कर ब्रोंज मैडल हासिल किया और आरएसएससी झुंझुनू चौथे स्थान पर रही।

बालिका वर्ग में आरएसएससी जयपुर ने बीकानेर को 3-0 से हराकर प्रतियोगिता प्रथम स्थान चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। बीकानेर दूसरे स्थान पर तथा हार्ड लाइन मैच में सीकर ने मेजबान चूरू को सीधे सेटों में 2-0 (25-23,25-19) से हरा कर ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया और मेजबान चूरू बालिका टीम चौथे स्थान पर रही। इस मौके पर राजस्थान वॉलीबाल संघ जिला वॉलीबाल संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता अंतराष्ट्रीय निर्णायक कौशल शर्मा, नाहर सिंह, लालचंद, विद्याधर, जैलाश मिठारवाल, महावीर सिंह सिहाग, चूरू जिला वॉलीबाल संघ के रामावतार सिंह कुलहरी, सचिव महावीर प्रसाद जाखड एवं अन्य कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

अंत में जिला वॉलीबाल संघ के सचिव नरेश सांगवान ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाडियों को शुभ आशीर्वाद दिया एवं इस मौके पर पधारे सभी दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। पदक विजेता टीमों को सम्मान करते चूरू सांसद राहुल कस्वा, मुकेश शर्मा, कुलवीर फगेडिया व सीआरसी के निर्देशक नरेश सांगवान

मुख्य मार्ग पर कचरे के ढेर लगने से ग्रामीणों में रोष

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत नीमा के मुख्य रास्ते पर कचरे के ढेर लगे होने के कारण गांव का मुख्य रास्ते ओर कीचड का अंबार लगा हुआ है। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष ब्याप्त है। रविवार को ग्रामीणों ने दी जानकारी में बताया कि यह स्थिति न केवल ग्रामवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सडक पर पडे कचरे को उठवाने के लिए ग्रामीण अपनी मांग बुलंद करते आ रहे हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाने के कारण स्थिति ढाक के तीन पात वाली ही बनी हुई है। तथा इस प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामवासी लंबे समय से इस समस्या का दंश झेल रहे। यहां के निवासियों का कहना है कि कचरे के कारण मुख्य रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इससे लोगों को बाजार, सरकारी स्कूल और अस्पताल तक पहुंचने में भारी दिक्कत हो रही है। विनोद चौहान का कहना है

- **ग्रामीणों ने सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली को भी समस्या से करवाया अवगत**

कि कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। जिसके कारण सडक पर कचरे और गंदगी से चलना मुश्किल हो गया है। मनोज सिंह शेखावत का कहना है कि कचरे और कीचड के कारण मलेरिया और डेंगू जैसीं बीमारियां फैलने का खतरा है। यदि सफाई व्यवस्था जल्द नहीं हुई तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ सकती हैं। सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि पंचायत और तहसील स्तर पर अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। प्रशासन की इस निष्क्रियता से गांव के लोग निराश हैं।

किसी भी समाज की शैक्षिक उन्नित समाज के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है:सैनी

रतनगढ़,(निसं)। किसी भी समाज का शैक्षिक उन्नित समाज के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है यह विचार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नंदलाल सैनी ने रविवार को स्थानीय हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में आयोजित जिला स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

सैनी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल व राजनीतिक क्षेत्र में भी सैनी समाज ने सफलता हासिल की है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए निसंदेह प्रोत्साहन का काम कर रही है।चंचलनाथ जी का टीला झुंझुनू के महंत संत श्री ओमनाथ जी महाराज के संत सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने। आयोजित कार्यक्रम को सरदारशहर भामाशाह उधोगपति शिवभगवान सैनी, युवा उधोगपति राधाकृष्ण सुईवाल, न्यायिक अधिकारी सुश्री वर्षा टाक, सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पापटाण,

जिला स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित ।

जिला अभिभाषक संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सैनी आदी ने संबोधित करते हुए शिक्षा पर जोर दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रजवलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों का माला साफा प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10, 12 स्नातक, स्नातकोत्तर, राजकीय सेवा व खेलकूद के क्षेत्र में उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाली 335 को प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर लाल गौड़,अशोक वर्मा, जयंत परिहार,कनिका सैनी ने संयुक्त रूप से किया। गरिमामय कार्यक्रम में सैनी समाज संरक्षक मदनलाल कम्मा ने शाब्दिक स्वागत व ओमप्रकाश टाक ने संस्थान की गतिविधियां बताई। इस अवसर पर ओमप्रकाश गौड, जसकरण गौड, संस्थान महासचिव गौरीशंकर खडोलिया, सैनी समाज कोचिंग संस्थान के अध्यक्ष चंद्रमोहन तंवर, च्यानण मल राकसिया, ओंकारमल

- **जिलास्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में 335 प्रतिभाओं को किया सम्मानित**

बालाण, श्योकरण जमालपुरिया, तहसील अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया, आनंदी लाल चुनवाल, जिला उपाध्यक्ष हीरालाल खड़ोलिया,सैनी समाज अध्यक्ष महेश सैनी, नवयुवक मंडल जिलाध्यक्ष तिलोक कम्मा, नथमल राकसिया, किसनलाल राकसिया, विक्रम सिंह चौहान, मनोज टाक, नंदकिशोर गढ़वाल, भीमराज सैनी, शिवशंकर कम्मा, महावीर प्रसाद गहलोत, पार्षद पुरुषोत्तम इंदौरिया, श्रवण मिटावा, महेंद्र गौड़, बाबूलाल कम्मा, वरिष्ठ पत्रकार नारायण प्रसाद सैनी, ताड़केश्वर पुरोहित, गिरधारी लाल राकसिया, ओम सुईवाल, शिवम सुईवाल, कन्हैयालाल गौड़, विनोद सुईवाल आदि सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

सार-समाचार

पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

रतनगढ, (निसं)। रतनगढ़ विधायक निवास पर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनगढ़ के तत्वावधान में विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विधायक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए गोदारा ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह भारत की अर्थव्यवस्था के वास्तुकार थे।उन्होंने डूबती अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे बहुत ही ईमानदार व्यक्ति थे तथा कम बोलते थे परंतु उनके कार्यों में वह खनक थी कि पूरी दुनिया में लोहा मनवा दिया। उनके नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा था। हम सभी मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। संगोष्ठी को पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित महेश चंद्र पुरोहित ने भी संबोधित किया।इस अवसर भागीरथ खीचड़, पार्षद राजेश गहलोत, मुख्तियार खान,दिनेश कुमावत त्र्यंबक शर्मा,विश्वजीत सोडा, सुरेंद्र हुड्डा, चरण सिंह कोका, रमेश कुमावत, दिलीप बिस्सु, ओम भार्गव, फकीरचंद दानोदिया, सज्जन बाटड़, भंवरलाल जसैल, कयूम गोरी,जाकिर हुसैन,देवीलाल, शाहरुख खान, रतनलाल मेघवाल, गोपाल राम धायल, हंसराज सियाग महेश वर्मा नरेश कुमार भार्गव मोहम्मद हारून खत्री, खालिद पठान, सिकंदर आदि।

पौषबड़ा और भजन संध्या का आयोजन

मंडावा, (निसं)। सुभाष चौक स्थित राधाकृष्ण मुरलीधर हवेली में शताब्दी वर्ष महोत्सव को लेकर पुरात्तन संस्कृति के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पुष्पा गिरधारी ढंढ की अध्यक्षता में संगीत संध्या और पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रारंभ में आयोजकों द्वारा झुंझुनूं रोड पर स्थित ढंढ वाले बालाजी मंदिर में भगवान बालाजी की विधिवत पूजा अर्चना कर हलुए और पौष बड़ा का भोग लगाया गया। इस अवसर पर परिवार सहित श्याम महिला मंडल की उमा देवी की अगुवाई सरोज सिंघानिया, याना सनोदिया, निशा सनोदिया, संगीता टेलर, दिव्या हेमाणी, संजू सैनी, मंजू सैनी, सुलोचना जांगिड़, सोनम केजड़ीवाल, स्नेहा सैनी, मंजू शेखावत ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान रामगढ़ के भजन गायक कलाकार किशोरीलाल पचलंगिया एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतिया भी दी गई। इस अवसर पर अमेरिका प्रवासी विनायक शर्मा, विष्णु शर्मा मुंबई, रमेशचंद्र शर्मा कोलकाता, वंदना मिश्रा, विजय मिश्रा, देववृत्त ढंढ, साधना शर्मा, भोलासिंह यदुवंशी, मधुसुदन खेमाणी, भास्कर ढंढ, रामशरण ढंढ, चंदादेवी शर्मा, मुंबई प्रवासी भगवतीप्रसाद जोशी, रमा जोशी, भारती पचलंगिया, संजीव कौशिक, नमन, अरविंद पारीक सहित काफी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। भास्कर ढंढ, डॉ. साधना शर्मा, विष्णु ढंढ ने सभी आगंतुको का आभार प्रकट किया।

जरूरतमंदों को किए वस्त्र वितरित

चूरू । अंचल में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से झुझ रहे जरूरत मंद परिवारों के लिये पीपुल यूनिटी संस्थान की ओर से संस्था अध्यक्ष व भाजपा नेता रघुनाथ खेमका ने उन परिवारों के बच्चों को सोमवार को गर्म वस्त्र वितरित किये। वस्त्र पाकर जरूरतमंद परिवारों के बच्चों व अभिभावकों ने संस्थान का हृदय से आभार व्यक्त कर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रघुनाथ खेमका ने कहा कि आमजन को अपनी कमाई के कुछ हिस्से को जरूरतमंदों की सेवा में लगाना चाहिए, जिससे उसकी आत्मा तृप्त होती है। इसी उद्देश्य से खेमका ने रविवार को शक्ति पैलेस के पास जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित किए। गौरतलब है कि संस्था समय-समय पर अनेक सामाजिक सरोकारों में अपना योगदान देती आ रही है और भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहेगी। इस अवसर पर इंजी. सुरेश शर्मा, विनोद सरावगी, प्रेम बगड़िया, सत्यवीर बेनीवाल, मुकेश शर्मा, प्रदीप सरोठिया, पार्षद प्रवीण शर्मा सहित संस्थान के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

गौ सेवा कर वीरा महिला ने कार्यक्रम शुरू किया

सीकर । महावीर इन्टरनेशनल केंद्र एवं नवगठित सीकर वीरा (महिला) केंद्र के सयुंक्त तत्वाधान में पहला कार्यक्रम श्री गोपीनाथ गौशाला में, गौ सेवा कार्यक्रम के साथ शुरू किया गया। जिसमें गौ माता को हरि घास, गुड़ एवं दलीया आदि खिलाया गया। जिसमें श्रीमती सन्नू मोदी अध्यक्ष ,श्रीमती किरण खेतान सचिव व श्रीमती शिवानी तिवाड़ी कोषाध्यक्ष , श्रीमती नीलम मिश्रा डायरेक्टर । कार्यक्रम में राजेंद्र पहाड़िया, सन्नू मोदी, किरण खेतान, संगीता पहाड़िया, कुसुम अग्रवाल, शालू मोदी, नीलम मिश्रा, अंजू अग्रवाल, भावना मोदी, चंदा गोयल, अरुणा जांगिड़, हेमा अग्रवाल, करिश्मा शर्मा, मनीषा झाझूका, पूनम बजाज, रजनी गोयल, संगीता खेतान, सविता अग्रवाल, तुलसी अग्रवाल, नीतू पारीक, संतरा देवी, खुशबू गुप्ता, मंजू पंसारी, उर्मिला खेतान, हेमा अग्रवाल , शामिल हुए।

चैम्पियनशिप में हासिल किया सिल्वर मेडल

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)। 14वीं राजस्थान सीनियर स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 -25 बीकानेर शार्दुल स्कूल स्पोर्ट्स ग्राउंड पर आयोजित प्रतियोगिता में इंटरनेशनल खिलाड़ी हिमांशु ढाका बादूसर निवासी ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए शॉट पुट इवेंट में टी 36 कैटेगरी में सिल्वर मेडल हासिल किया है । प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रवण कुमार झोरड़ ने हिमांशु को मेडल पहना कर स्वागत किया। झोरड़ लक्ष्मणगढ़ में लंबे समय तक रहते हुए पुलिस उप अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं । इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्ड महावीर प्रसाद सैनी दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव हिम्मत गुर्जर रनीश चौधरी कोलिडा मुकेश कुमार कस्वा वरिष्ठ अधिवक्ता सीकर विद्याधर भूकर रिद्धकरण ढाका शुभम नेकी हीरालाल हरीश आशीष आदि मौजूद थे। हिमांशु रविवार को 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ में भी अपनी प्रतिभा के लिए भाग्य आजमाएगा इस अवसर पर दिव्यांग स्पोर्ट्स एसोसिएशन सीकर के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बाबूलाल ढाका का भी स्वागत किया गया ।

संस्कार कन्दोई पहले प्रयास में ही सीए बने

तारानगर । इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी परीक्षा का फाइनल परिणाम जारी कर दिया है । तारानगर के कन्दोई मोहल्ले के रहने वाले चाय पत्ती के व्यापारी प्रमाद कन्दोई के सुपुद संस्कार कन्दोई ने सीए फाईनल परीक्षा उर्तीण कर सीए बनने का गौरव हासिल किया । संस्कार के सीए बनने पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतको ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है । संस्कार कन्दोई ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता पिता ऋतु कन्दोई व प्रमाद कन्दोई का देते हुए बताया कि मेरे माता पिता ने हमेशा ही मेरा उत्साहवर्धन किया, संस्कार कन्दोई ने माता पिता के साथ इस सफलता में अपने भाई मनीष कन्दोई व भाभी रानू कन्दोई के आशीर्वाद और मोटिवेशन की बदौलत ही पहले प्रयास में सफलता हासिल हो पाई । यह सफलता उनकी लगातार मेहनत, संघर्ष और परिवार के समर्थन का परिणाम है ।

कामरेड मोहर सिंह पुण्यतिथि 31 को

सादुलपुर, (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी कार्यालय राजगढ में दिनांक 31 दिसम्बर 2024 को सुबह 11 बजे स्वतन्त्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक कामरेड मोहरसिंह की 18वी पुण्य तिथी मनाई जायेगी। रविवार सुबह 11 बजे कामरेड भगत सिंह ने बताया कि पार्टी के तहसील सचिव कामरेड रामनिवास, कामरेड राम सिंह, तहसील कमेटी के पूर्व सचिव कामरेड हरिराम, कामरेड भगत सिंह, कामरेड रणसिंह तथा आने वाले वामपंथी नेतृत्व अगुवाई कारी साथी सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता समारोह में शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि कॉमरेड मोहर सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनकी देश की आजादी में एवं किसानों हितों के लिए अहम भूमिका रही है तथा सादुलपुर विधासभा क्षेत्र से विधायक भी रह चूके थे।

विकास समिति की बैठक आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। श्री बालाजी मंदिर विकास समिति सैनिक कॉलोनी राजगढ की बैठक रविवार को समिति अध्यक्ष रणजीत सांगवान की अध्यक्षता में हुई। वहीं बैठक में श्री बालाजी मंदिर विकास समिति की बैठक में विकास पर चर्चा की गई। मंत्री बलवान शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में नये भवन का निर्माण करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रसाद कोठारी, धनसिंह सांगवान, सुमेर गोदारा, सतपाल पूनियां, शीशराम पूनियां, कोषाध्यक्ष सतबीर कडवासरा, सुधीर सहारण, मूल सिंह लाम्बा, पुजारी प्रभूदयाल शर्मा व सानवी सांगवान आदि उपस्थित रहे।